राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से नि:शुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी (प्रत्येक माह)
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2026
(Current News from Daily Newspapers)

Newspaper of 1 September, 2026

■ **राजस्थान में कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने के लिए अब नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य में फिलहाल करीब 51 हजार बैरल कच्चे तेल का प्रतिदिन उत्पादन हो रहा है। इसे चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 80 हजार बैरल प्रतिदिन करने का लक्ष्य रखा है।**

उल्लेखनीय है कि राज्य में 12 पेट्रोलियम लीज और 12 पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस जारी हैं। जिनमें प्रतिदिन 2.6 से 2.8 एमएमएससीएम प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है।

Newspaper of 2 September, 2026

■ **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिए ₹1200 करोड़ आवंटित हुए; राजस्थान देश में 62.58 लाख किसानों के नामांकन के साथ अव्वल स्थान पर–**

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत वर्ष 2026-27 के लिए 12200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पीएमएफबीवाई 18 फरवरी, 2016 को ज्यादा से ज्यादा किसानों को फसल बीमा के दायरे में लाने के उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। पिछले 10 वर्षों में, खरीफ 2016 से रबी 2025-26 तक, 92.46 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों को बीमा किया गया है। साथ ही, 26.33 करोड़ से अधिक किसान आवेदनों के लिए 2.06 लाख करोड़ रुपये से अधिक के दावों का भुगतान किया गया। राजस्थान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया गया है।

- देश में सबसे अधिक लगभग 62 लाख 58 हजार किसानों को योजना में नामांकित किया गया है।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2025-26 में राज्य के लगभग 2 करोड़, 82 लाख हेक्टेयर सकल फसली क्षेत्र में एक करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को योजना के अंतर्गत बीमित किया गया है, जो देश में सर्वाधिक है।
- राज्य के कुल फसली क्षेत्र में बीमित क्षेत्र 36 प्रतिशत है, जो देश के औसत 32 प्रतिशत से बेहतर है।

देश के करोड़ों किसानों को मिल रहा लाभ–पीएमएफबीवाई के तहत किसानों की भागीदारी बीमा कवरेज और संस्थागत पहुँच में काफी विस्तार हुआ है। किसान खरीफ फसलों के लिए 1.5% प्रीमियम देते हैं।

- वाणिज्यिक और बागवानी फसलों के लिए अधिकतम प्रीमियम 5% है। केन्द्र और राज्य सरकारें बाकी प्रीमियम का खर्च 50 : 50 के अनुपात में सब्सिडी के तौर पर उठाती हैं। पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के किसानों के लिए, केन्द्र और राज्य सरकार की सब्सिडी का योगदान 90 : 10 के अनुपात में होता है।
- पीएमएफबीवाई को अभी खरीफ 2026 में 25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है।
- इस योजना में किराएदार और बटाईदार किसानों को भी शामिल किया गया है और उन्हें कवर किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं (ओलावृष्टि, सूखा, अकाल), कीटों और बीमारियों के कारण फसल के नुकसान से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। इसमें किसानों को लागत प्रभावी प्रीमियम पर फसल बीमा दिया जाता है। योजना के तहत किसान, राज्य सरकार और केन्द्र सरकार मिलकर प्रीमियम का भार वहन करते हैं। अगर बीमित फसल को निर्धारित जोखिमों के कारण नुकसान होता है, तो पात्र किसान को बीमा दावे के माध्यम से आर्थिक राहत दी जाती है।

Newspaper of 3 September, 2026

■ **साइबर सुरक्षित राजस्थान : राजस्थान पुलिस द्वारा सितंबर माह में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है–**

सितंबर, 2026 माह को राजस्थान पुलिस द्वारा 'साइबर सुरक्षित राजस्थान' जन-जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। पूरे प्रदेश में चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरुक करना, सुरक्षा उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना तथा ऑनलाइन ठगी एवं धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के लिए सचेत करना है। संचालन के लिए राज्य स्तर पर पुलिस अधीक्षक-1 (आर4सी) को राज्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। तथा प्रत्येक जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को जिला नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारियों के समन्वय से स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में व्याख्यान, कार्यशालाएँ, प्रश्नोत्तरी, सेमिनार एवं विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी।
- प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन तथा धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर नुक्कड़, पोस्टर, ऑडियो-वीडियो संदेश और साइबर जागरूकता स्टॉल के माध्यम से आमजन को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी जाएगी।
- अभियान में साइबर स्वयंसेवकों, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स को भी जोड़ा जाएगा। आरएसी इकाइयों और जिला खेल अधिकारियों के समन्वय से साइबर जागरूकता के लिए दौड़ एवं साइकिल रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- राज्य पुलिस अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने के लिए जिला मुख्य डाकपाल एवं पंचायती राज विभाग के समन्वय से ग्राम पंचायत स्तर तक साइबर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करेगी।
- अभियान के तहत पुलिस थानों के साइबर अपराध से जुड़े अधिकारी पेंशन विभाग के समन्वय से पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से 'डिजिटल अरेस्ट' निवेश के नाम पर होने वाली ठगी तथा अन्य साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जागरूक करेंगे।

Newspaper of 4 September, 2026

■ जयपुर में एनआईए की विशेष कोर्ट खोलने के लिए अधिसूचना जारी–

3 सितंबर, 2026 को केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर जयपुर में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 के तहत जयपुर स्थित विशिष्ट न्यायालय (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेन्सी एक्ट प्रकरण) की एनआईए के विशेष न्यायालय के रूप में नामित किया है। एनआईए भारत की मुख्य जाँच एजेंसी है, जो आतंकवादी मामलों से निपटने का काम करती है। यह विशेष न्यायालय केवल एनआईए द्वारा जाँच किए जाने वाले अनुसूचित अपराधों पर सुनवाई करेगी। जयपुर स्थित एनआईए के इस विशेष न्यायालय का क्षेत्राधिकार पूरा राजस्थान होगा। इसमें वे सूचीबद्ध अपराध शामिल होंगे जो खास तौर पर एनआईए एक्ट, 2008 की अनुसूची में शामिल है।

■ राजस्थान में 5 हजार से अधिक आबादी वाले गाँवों में 'अटल प्रगति पथ' बनेंगे–

3 सितंबर, 2026 को मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास से जुड़े विभागों के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तीकरण एवं ज्ञान संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर चरणबद्ध रूप से अटल ज्ञान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

- इन केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आधुनिक लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जहाँ वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण और सरकारी सेवाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए पीएमजीएसवाई के चौथे चरण के तहत करीब 3 हजार 219 किलोमीटर लंबाई की सड़कें बनाई जाएंगी। वर्ष 2026-27 में 1500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा किया जाएगा। अटल प्रगति पथ योजना के तहत 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट सड़कें बनाई जा रही हैं।

■ राजस्थान का पर्यटन क्षेत्र मजबूत हुआ; इस वर्ष जून, 2026 तक 10.93 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए–

राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र तेजी से विस्तार ले रहा है। इस वर्ष जून माह तक प्रदेश में 10.93 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुँच चुके हैं, जिसमें 10.85 करोड़ घरेलू और 8.45 लाख विदेशी पर्यटक शामिल हैं।

- राज्य सरकार पर्यटन को प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और स्थानीय स्वरोजगार का बड़ा माध्यम बनाने पर फोकस कर रही है।
- वर्ष 2023 में प्रदेश में 17 करोड़, 90 लाख देशी एवं 17 लाख विदेशी पर्यटक आए।
- वर्ष 2024 में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की यात्राओं के मामले में राजस्थान देश में पांचवें स्थान पर रहा।
- वर्ष 2025 में इस संख्या भारी बढ़ोतरी हुई और 25 करोड़, 25 लाख देशी और 19 लाख, 45 हजार विदेशी पर्यटकों ने राजस्थान का भ्रमण किया।
- राज्य सरकार का जोर पर्यटन को धार्मिक, ग्रामीण, हेरिटेज, ईको और एडवेंचर पर्यटन के साथ स्थानीय कला, हस्तशिल्प, खान-पान और लोक संस्कृति से जोड़ने पर है। सरकार का मानना है कि राजस्थान की हजारों वर्ष पुरानी विरासत को संरक्षित करते हुए उसे आर्थिक विकास और रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

Newspaper of 6 September, 2026

■ शेखावाटी की हवेलियाँ यूनेस्को की धरोहर की प्रारंभिक सूची में शामिल; अलसीसर से सीकर तक को 100 साल से अधिक पुरानी 14 हवेलियाँ शामिल–

शेखावाटी अंचल की 100 साल से ज्यादा पुरानी हवेलियाँ

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

विश्व धरोहर की सूची में शामिल होंगी। अलसीसर से लेकर सीकर तक 14 प्रमुख क्षेत्रों की हवेलियों को यूनेस्को की विश्व धरोहर की प्रारंभिक सूची में शामिल किया गया है। शेखावाटी के चित्रित हवेली नगरों का यूनेस्को की प्रारंभिक सूची में शामिल होना इन हवेलियों के विश्व धरोहर स्थल घोषित होने की दिशा में औपचारिक पड़ाव है। शेखावाटी की 600 से ज्यादा हवेलियों को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने के लिए यूनेस्को की मूल्यांकन और नामांकन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

अलसीसर, बिसाऊ, चिड़ावा, चूरू, डूंडलोद, फतेहपुर, झुंझुनूं, खेतड़ी, लक्ष्मणगढ़, मंडावा, महासर, नवलगढ़, रामगढ़ और सीकर की ऐतिहासिक हवेलियों को इस सूची में जगह मिली है और यूनेस्को की अंतिम सूची में भी इन्हें शामिल किया जाएगा। हवेलियाँ अपनी अनूठी भित्तिचित्र कला, स्थापत्य शैली ओर सांस्कृतिक विरासत के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। हवेलियों की दीवारों पर उकेरे गए जीवंत चित्र राजस्थान की कला और सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन की समृद्ध झलक प्रस्तुत करते हैं।

■ **5 सितंबर, 2026 शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 82 शिक्षाविदों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का सम्मान प्रदान किया–**

5 सितंबर, 2026 को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देशभर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।

- इस अवसरपर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा हमारे संविधान में निहित, 'अवसर की समानता' के आदर्श को कार्यरूप देने का सबसे प्रभावी माध्यम है।
- राष्ट्रपति ने कहा कि स्कूली शिक्षा, शिक्षा व्यवस्था का आधार है।
- ज्ञान और कौशल तो कभी भी प्राप्त किए जा सकते हैं, परंतु बचपन में ही सदाचार की शिक्षा देना, अधिक प्रभावी सिद्ध होता है।
- देश के विकास में शैक्षणिक उत्कृष्टता, कौशल विकास और उद्यमिता का बहुत महत्त्व है। भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाने के साथ-साथ विश्व के कौशल-केन्द्र के रूप में स्थापित करना, हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में शामिल है।

5 सितंबर, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की।

- इस वर्ष, तीन विभागों से 82 शिक्षकों और शिक्षाविदों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- इनमें विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के 48 शिक्षक, उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षक/संकाय सदस्य और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षक शामिल हैं।
- पुरस्कार विजेताओं ने अपने शिक्षण अनुभवों और नवाचारों के बारे में बताया। उन्होंने कक्षा शिक्षण को अधिक रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए अपनाए गए कई रचनात्मक तरीकों को साझा किया।
- प्रधानमंत्री ने नशे की समस्या का उल्लेख करते हुए शिक्षकों से बच्चों में होने वाले बदलावों के प्रति सतर्क रहने, इसके कारणों का पता लगाने और ऐसे बच्चों को इस लत से उबरने में मदद करने का आह्वान किया।
- प्रधानमंत्री ने स्क्रीन टाइम की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

Newspaper of 7 September, 2026

■ **राज्य में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के तहत सिंचाई के लिए ₹185 करोड़ से 18 हजार फार्म पौण्ड बनेंगे–**

प्रदेश में किसानों को सिंचाई के लिए वर्षा जल पर निर्भरता कम करने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए फार्म पौण्ड योजना शुरू की गई है। इस योजना में राज्य सरकार इस वर्ष 185 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 18 हजार फार्म पौण्ड बनाएगी। कृषि विभाग के अनुसार पिछले ढाई वर्षों में राज्य में 35 हजार 893 फार्म पौण्ड का निर्माण कराया जा चुका है। फार्म पौण्ड योजना के तहत पात्र किसानों को फार्म पौण्ड निर्माण के लिए 63 हजार रुपए से लेकर 1 लाख, 35 हजार रुपए तक का अनुदान उपलब्ध कराया जाता है।

■ **राज्य सरकार ने चिकित्सा, पर्यटन, निवेश और डिजिटल नवाचार को एक मंच पर लाते हुए 'हील इन राजस्थान नीति-2025' शुरू की–**

स्वस्थ राजस्थान, विकसित राजस्थान के संकल्प की प्राप्ति हेतु मंत्रिमण्डल का अहम निर्णय 'हीन इन राजस्थान नीति-2025' को मंजूरी से मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा।

- **राजस्थान बनेगा मेडिकल वैल्यू ट्रैवल हब**–हील इन राजस्थान नीति से राज्य बनेगा विश्वस्तरीय, किफायती और भरोसेमंद मेडिकल वैल्यू ट्रैवल डेस्टिनेशन।
- **सेवा, तकनीक और टूरिज्म का समावेश**–पोर्टल और मोबाइल ऐप बनाए जाएंगे, टेलीमेडिसिन, बायोटेक और डायग्नोस्टिक को बढ़ावा मिलेगा।
- **गुणवत्ता और रोजगार पर जोर**–हेल्थ प्रोफेशनल की ट्रेनिंग, डिजिटल इकोसिस्टम, अनुसंधान और रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा।

Newspaper of 8 September, 2026

■ **सितम्बर 2026 में राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार अग्रवाल को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने लोकभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

Newspaper of 9 September, 2026

■ **स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 की रिपोर्ट जारी; राष्ट्रीय रैंकिंग में राजस्थान के शहर पिछड़े; जयपुर 20वें, जोधपुर 24वें और कोटा 37वें पायदान पर–**

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 की राष्ट्रीय रैंकिंग में जयपुर, जोधपुर और कोटा जैसे प्रदेश के प्रमुख शहर अपनी-अपनी श्रेणी में काफी पीछे रहे है। वहीं ज्यादातर शहर राष्ट्रीय रैंकिंग में जगह तक नहीं बना सके। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ अव्वल है। मध्यप्रदेश के इंदौर व जबलपुर क्रमशः दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे।

राजस्थान से जयपुर 174 अंक के साथ 20वें स्थान पर रहा, जबकि जोधपुर को 163.2 अंक के साथ 24वाँ और कोटा को 146.3 अंक के साथ 37वाँ स्थान मिला।

सर्वेक्षण में 130 शहरों को शामिल किया गया था। इन्हें आबादी के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया। शहरों की रैंकिंग प्रदूषण नियंत्रण प्रयास, विशिष्ट स्वच्छ वायु कार्ययोजना का क्रियान्वयन, शहर का स्व-मूल्यांकन, राज्य स्तरीय निगरानी समिति की मंजूरी, सीपीसीबी का मूल्यांकन और स्वतंत्र समितियों का मैदानी सत्यापन के आधार पर हुई। यानी यह केवल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) की रैंकिंग नहीं है।

देश में साफ हवा वाले शहर–लखनऊ (198), इंदौर (197), जबलपुर (195), भोपाल (192), आगरा (192), सूरत (191)।

- 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में अलवर 192 अंक के साथ छठे और उदयपुर 187.5 अंक के साथ आठवें स्थान पर रहे। इस श्रेणी में राउरकेला 198.5 अंक के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि फिरोजाबाद और गुंटूर ने 195-195 अंक के साथ दूसरा स्थान साझा किया। अलवर का स्कोर राउरकेला से 6.5 अंक कम रहा।
- तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का कोई भी शहर जगह नहीं बना सका। इस श्रेणी में कलिंगानगर 198.5 अंक के साथ पहले, अंगुल 196.5 अंक के साथ दूसरे और तालचेर 193.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- रैंकिंग में 30 हजार से अधिक आबादी वाले वार्डों में जयपुर का वार्ड 135, 10 से 30 हजार आबादी वाले वार्डों में जयपुर का वार्ड 41 और 10 हजार से कम आबादी वाले वार्डों में अलवर का वार्ड 64 राज्य स्तरीय पुरस्कार सूची में शामिल हैं।

Newspaper of 10 September, 2026

■ **राजस्थान फूड पार्क डेवलपमेंट पॉलिसी-2026 : 39 फूडपार्क प्रस्तावित, 35 स्थानों पर भूमि आवंटित–**

राजस्थान फूड पार्क डेवलपमेंट पॉलिसी-2026 के तहत प्रदेश में 39 फूड पार्क प्रस्तावित हैं, जिनमें 35 स्थानों पर भूमि आवंटित की जा चुकी है।

- वर्तमान में प्रदेश में 2 मेगा फूड पार्क, 4 एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर्स तथा 6 आरआईआईसीओ/स्पाइस पार्क सहित कृषि प्रसंस्करण से जुड़ा आधारभूत ढांचा उपलब्ध है।
- साथ ही 1500 से अधिक एग्रो-प्रोसेसिंग इकाइयाँ तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के तहत समर्थित 1850 से अधिक सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ हैं।
- मूंग, सरसों, सोयाबीन, किन्नू, अनार, अमरूद, संतरा, इसबगोल, जीरा और लहसुन पर आधारित 10 एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर्स विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।
- इनके लिए प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों की फसल एवं जिलेवार मैपिंग की गई है, ताकि उत्पादन वाले क्षेत्रों को प्रसंस्करण सुविधाओं और बाजार से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके।

प्रस्तावित 10 क्लस्टर्स में से 7 राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के क्लस्टर विकास कार्यक्रम (सीडीपी 2.0) के तहत पात्र हैं।

- इनमें अमरूद, अनार एवं जीरा के तीन क्लस्टर्स के अवधारणा प्रस्ताव प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जबकि इसबगोल, किन्नू, लहसुन एव संतरा के चार क्लस्टर्स को आगामी चरण में प्रस्तावित किया जाना है।
- सरसों, सोयाबीन एवं मूंग के क्लस्टर्स को फूड पार्क, निवेश समझौतों एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है।

■ **राजस्थान में 9वाँ राष्ट्रीय पोषण माह 9 सितंबर, 2026 से 8 अक्टूबर, 2026 तक मनाया जा रहा है–**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान में 9 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2026 तक 9वाँ राष्ट्रीय पोषण माह जन-आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है।

- इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का राष्ट्रीय शुभारंभ 9 सितंबर, 2026 को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ।
- इस वर्ष पोषण माह का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषण, देखभाल एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास के लिए सुदृढ़ करना तथा समुदाय में सामूहिक जिम्मेदारी एवं स्वामित्व की भावना विकसित करना है।
- इस वर्ष की मुख्य थीम 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' है।

Newspaper of 13 September, 2026

■ **राजस्थान में 16 हजार से अधिक मरीजों को 117258 फ्री डायलिसिस सेशन मिले; डायलिसिस सेवाओं के तहत करीब 21.11 करोड़ रुपये की उपचार सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई सितंबर माह में 78 चिकित्सा संस्थानों में डायलसिस की सुविधा होगी प्रारंभ।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

Newspaper of 15 September, 2026

■ **राजस्थान प्रदेशभर में 9वाँ राष्ट्रीय पोषण माह जन आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा–**
थीम–हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी।

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान में 9 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2026 तक 9वाँ राष्ट्रीय पोषण माह जन-आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह का राष्ट्रीय शुभारम्भ 9 सितंबर को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ।

- प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पूरे माह आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों और ब्लॉक स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।
- विभाग द्वारा तैयार गतिविधि कैलेण्डर के अनुसार सभी गतिविधियाँ स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय व अभिसरण से आयोजित की जा रही है।
- पोषण माह के दौरान आयोजित सभी गतिविधियों की दैनिक प्रविष्टि जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर की जा रही है।
- इस वर्ष पोषण माह की मुख्य थीम-'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' रखी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषण, देखभाल और प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास का सशक्त केन्द्र बनाना और समुदाय में स्वामित्व की भावना जागृत करना है।

Newspaper of 16 September, 2026

■ **उदयपुर के पूर्व राजपरिवार की सदस्य विजयराज कुमारी मेवाड़ का निधन हुआ–**

14 सितंबर, 2026 को महाराणा प्रताप के वंशज स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ की पत्नी विजयराज कुमारी मेवाड़ (83) का निधन हो गया। उनका उदयपुर में 425 साल पुरानी छतरियों के बीच महासतियाँ में अंतिम संस्कार किया गया। उनका अंतिम संस्कार उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया गया।

■ **किशाऊ बाँध परियोजना के लिए 6 राज्यों के बीच एमओयू हुआ; राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए; पेयजल, सिंचाई सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त जल मिल सकेगा।**

15 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में किशाऊ बहुद्देशीय परियोजना के लिए 6 राज्यों के बीच एमओयू हुआ। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और नई दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत हिमाचल प्रदेश अपने हिस्से का 95% पानी राजस्थान व दिल्ली को दे रहा है। इस 95% में से 75% पानी दिल्ली और 25% राजस्थान को मिलेगा। किशाऊ बाँध से राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, चूरू और झुंझुनूँ को हर साल 124 एमसीएस यानी 12.40 अरब लीटर पानी मिलेगा।

यह पानी यमुना जल प्रोजेक्ट की तीन भूमिगत पाइपलाइन प्रणालियों के जरिए हांसियावास होते हुए चूरू तक पहुँचाया जाएगा। इसका उपयोग पेयजल, सिंचाई और अन्य जरूरतों के लिए किया जा सकेगा।

इससे सीकर, चूरू, झुंझुनूं और आसपास को पेयजल तथा अन्य आवश्यकताओं के लिए जल उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण मदद मिलेगी।

किशाऊ परियोजना यमुना की प्रमुख सहायक टोंस नदी पर उत्तराखंड-हिमाचल प्रदेश सीमा पर प्रस्तावित है। 15 हजार करोड़ रुपए की इस परियोजना से 660 मेगावाट विद्युत का उत्पादन होगा।

■ **सतीश मुखीजा (76) ने 22वीं नेशनल मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। ममता जैन ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में हिस्सा लेते हुए पहला स्थान हासिल किया, उन्हें गोल्ड मेडल मिला।**

Newspaper of 17 September, 2026

■ **जोधपुर (राजस्थान) की पूजा राठौड़ भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल रेफरी बनीं–**

हाल ही में जोधपुर (राजस्थान) की पूजा राठौड़ ने भारतीय हैंडबॉल में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वह भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल महासंघ (आईएचएफ) रेफरी बनी हैं। आईएचएफ ने पूजा राठौड़ को 16 से 20 सितंबर, 2026 तक ग्रेनोलर्स, स्पेन में आयोजित चौथी आईएचएफ व्हीलचेयर हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऑफिशिएट करने के लिए नियुक्त किया है।

■ **राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 10 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण हुआ–**

राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 10 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर लिया गया है।

- 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान ने पर्यावरण संरक्षण को भावनात्मक जुड़ाव से जोड़ते हुए देशभर में व्यापक जनचेतना का निर्माण किया है।
- राजस्थान में हरियालो राजस्थान अभियान के माध्यम से इस भावना को व्यापक जनअभियान का स्वरूप मिला है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- यह उपलब्धि प्रदेशवासियों की भागीदारी, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के सामूहिक प्रयासों का सुखद परिणाम है।
- हरित राजस्थान अभियान प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हरित भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रहा है।

■ **मिशन कर्मयोगी रैंकिंग में राजस्थान लगातार दूसरे माह प्रथम रहा–**

मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की क्षमता निर्माण एवं लर्निंग आउटकम पर आधारित नवीनतम रैंकिंग में राजस्थान ने 62.49 के कम्पोजिट स्कोर के साथ राज्य श्रेणी 'सी' (जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह राजस्थान के लिए लगातार दूसरे माह प्रथम स्थान की उपलब्धि है।

Newspaper of 18 September, 2026

■ **हाल ही में राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र से संबंधित मेजर नव्या शेखावात को राष्ट्रपति की पहली महिला एडीसी नियुक्त किया गया है। आर्मी सर्विस कॉर्प्स की मेजर नव्या राष्ट्रपति की एडीसी बनने वाली भारतीय सेना की पहली महिला अधिकारी है। वह मूल रूप से सीकर जिले के केरपुरा गाँव की निवासी है।**

गौरतलब है कि मेजर नव्या शेखावत के दादा विंग कमांडर भंवर सिंह शेखावत भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि पिता ग्रुप कैप्टन करण सिंह शेखावत वायुसेना में सेवाएँ दे रहे है।

Newspaper of 19 September, 2026

■ **ओडिशा के भुवनेश्वर में 'प्रवासी राजस्थान मीट' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई–**

राजस्थान सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को सशक्त बनाने और राज्य में निवेश एवं साझेदारी के नए अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भुवनेश्वर के होटल मेफेयर कन्वेंशन में आयोजित 'प्रवासी राजस्थानी मीट' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

- प्रवासी राजस्थानी समुदाय, उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों तथा विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- इसके माध्यम से देश एवं विदेश में निवास कर रहे प्रवासी राजस्थानियों को राज्य की विकास यात्रा से जोड़ जा रहा है।
- राजस्थान फाउंडेशन भुवनेश्वर चैप्टर के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने प्रवासी समुदाय को संबोधित किया।

Newspaper of 20 September, 2026

■ **राजस्थान सरकार ने पूर्व अग्निवीरों को कांस्टेबल, जेल प्रहरी और वनरक्षक की भर्ती में बिना परीक्षा सीधे नियुक्ति देने का प्रावधान किया; 10% पद आरक्षित होंगे–**

हाल ही में राज्य सरकार ने अग्निवीरों को राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल, जेल प्रहरी और वनरक्षक की भर्ती में बिना परीक्षा सीधे नियुक्ति देने का प्रावधान किया है। तीनों भर्तियों में 10% पद अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगे। साथ ही, उन्हें आयु सीमा में 5 साल की छूट मिलेगी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सलाह के बाद राज्य सरकार ने भर्ती नियमों में संशोधन कर लिया है। राजस्थान में बड़ी संख्या में अग्निवीरों की सेना में भर्ती हुई है और अब कई अग्निवीरों के चार साल पूरे होने वाले हैं।

राज्य सरकार ने इससे पहले पुलिस, जेल प्रहरी और वनरक्षक की भर्तियों में अग्निवीरों के लिए 2% आरक्षण और परीक्षा का प्रावधान किया था। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार के इस मसौदे पर आपत्ति जताई। करीब तीन बार हुए पत्राचार के बाद राज्य सरकार ने 10% आरक्षण, बिना परीक्षा भर्ती और आयु सीमा में 5 साल की छूट के प्रावधान किए हैं।

■ **राजस्थान फैटी लिवर स्क्रीनिंग में प्रथम स्थान पर रहा–**

राजस्थान में फैटी लिवर की स्क्रीनिंग को व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। राज्य में एनसीडी व्यवस्था के तहत फैटी लीवर की व्यवस्थित स्क्रीनिंग को शामिल किया गया है। मिशन लीवर स्माइल के तहत बीमारी की समय पर पहचान, आवश्यक जांच और उपचार के लिए रेफरल व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य बीमारी की समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

राज्य के सभी 63 जिला अस्पतालों में लिवर स्माईल क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2025-26 में 2.61 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 31.02 लाख लोग संदिग्ध पाये गये। वहीं वर्ष 2026-27 में अब तक 1.32 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है और इनमें 17.44 लाख लोग संदिग्ध पाए गए हैं।

■ **फर्नीचर एक्सप्रेस से जोधपुर (राजस्थान) के निर्यातकों को मिल रहा बड़ा व्यावसायिक लाभ; 36 रेलगाड़ियों से 2100 से अधिक कंटेनरों का परिवहन–**

दी राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसिको) के सतत प्रयासों के फलस्वरूप अक्टूबर, 2025 में माल प्रबंधन एवं परिवहन सेवा प्रदाता तथा व्यवसाय संवर्धक की नियुक्ति की गई और आई.सी.डी. जोधपुर को पुनः सक्रिय किया गया।

- प्रारंभ में कुछ कंटेनरों से शुरू हुई यह पहल अब 36 रेलगाड़ियों के माध्यम से 2100 से अधिक टी.ई.यू. के परिवहन तक पहुँच चुकी है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- राजसिको ने मैसर्स दून लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से जोधपुर से मुंद्रा बंदरगाह तक समर्पित 'फर्नीचर एक्सप्रेस' रेल सेवा प्रारंभ की है।
- इस सेवा का उद्देश्य राजस्थान के फर्नीचर एवं अन्य निर्यातकों को विश्वनीय, प्रतिस्पर्धी तथा नियमित कंटेनर परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स सुविधा उपलब्ध कराना है।
- 28 फरवरी, 2026 से प्रारंभ हुई 'फर्नीचर एक्सप्रेस' ने अल्प अवधि में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।
- अब तक 36 रेलगाड़ियों के माध्यम से 2100 से अधिक टी.ई.यू. कंटेनरों का परिवहन किया जा चुका है। बढ़ती मांग को देखते हुए वर्तमान में प्रत्येक सप्ताह 2 से 3 रेल रेक का संचालन किया जा रहा है।
- यह सेवा हापाग-लॉयड, जे.एम. बक्शी समूह, एम.एस.सी. एवं ओ.ओ.सी.एल. सहित प्रमुख शिपिंग साझेदारों के साथ संचालित की जा रही है।
- यह पहल विशेष रूप से जोधपुर के फर्नीचर, हस्तशिल्प, ग्वार गम एवं अन्य निर्यात उद्योगों को अधिक सुगम, विश्वसनीय एवं प्रतिस्पर्धी निर्यात लॉजिस्टिक्स सुविधा उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

■ राजस्थान का कुल वस्तु निर्यात 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ–

राजस्थान सरकार टेक्सटाइल एवं अपैरल क्षेत्र को मजबूत बनाने, निर्यात बढ़ाने और वैश्विक बाजार में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

- उद्योग भवन में अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टेक्सटाइल एवं अपैरल क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों, डिजाइन हाउस, डिजाइन स्टूडियो, टेक्निकल टेक्सटाइल उद्योगों और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ राउंड टेबल तीन विशेष सत्रों का आयोजन हुआ।
- बैठक में टेक्सटाइल उद्योग के निर्यात को बढ़ाने, उद्योग के सामने आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई।
- साथ ही, टेक्सटाइल से जुड़े कच्चे माल के आयात को कम करने ओर राज्य में उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन बढ़ाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि राजस्थान का कुल वस्तु निर्यात 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।
- इसमें टेक्सटाइल एवं रेडीमेड गारमेंट्स की लगभग 12.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है।
- राज्य में टेक्सटाइल क्षेत्र के विकास के लिए राजस्थान टेक्सटाइल एवं अपैरल नीति-2025 तथा राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2024 लागू की गई हैं।
- इसके अलावा राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी-2024, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पॉलिसी-2024 और विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन पॉलिसी के माध्यम से भी उद्यमियों को सहयोग दिया जा रहा है।

Newspaper of 21 September, 2026

■ सितंबर, 2026 में भारत और जापान की सेनाओं के बीच जोधपुर (राजस्थान) में 'वीर गार्जियन 2026' युद्धाभ्यास हुआ। इस 'वीर गार्जियन 2026' युद्धाभ्यास में पहली बार जापान के एफ-2 ए फाइटर जेट ने भारत की जमीन से उड़ान भरी। इस अभ्यास में तेजस, सुखोई, राफेल और जापान के एफ-2 ए जेट शामिल हैं। इस युद्धाभ्यास के दौरान 20 सितंबर, 2026 को जापानी वायुसेना प्रमुख जनरल ताकेहिरो मोरिता ने पायलट के साथ तेजस उड़ाया, जबकि भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सोलो उड़ान भरी।

■ 33 वर्ष बाद नवीनीकरण पर प्रचलित आवंटन दर का 10% भूमि प्रीमियम देय–

रीको के अविकसित एवं अर्द्ध-विकसित भूखण्डों के लीज नवीनीकरण नियमों में संशोधन; 33 वर्ष बाद नवीनीकरण पर प्रचलित आवंटन दर का 10% भूमि प्रीमियम देय–

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) द्वारा जयपुर, भिवाड़ी, दौसा, कोटा, बीकानेर, राजसमंद एवं उदयपुर में अविकसित एवं अर्द्ध-विकसित भूखण्डों को ई-ऑक्शन के माध्यम से आवंटन किया जा रहा है।

रीको की अविकसित एवं अर्द्ध-विकसित भूखण्डों के आवंटन संबंधी नीति में प्रारंभिक 33 वर्ष की लीज अवधि की दो अवधियों तक नवीनीकरण का प्रावधान है।

- नवीनीकरण अवधि के लिए देय शुल्क/प्रीमियम को लेकर रीको द्वारा नियम 3(एके) में आंशिक संशोधन किया गया है।
- संशोधन के अनुसार, प्रारंभिक 33 वर्ष की लीज अवधि पूर्ण होने के बाद पहली एवं दूसरी, दोनों 33 वर्षीय नवीनीकरण अवधियों के लिए संबंधित औद्योगिक क्षेत्र की नवीनीकरण के समय प्रचलित आवंटन दर पर 10% भूमि प्रीमियम देय होगा।

Newspaper of 23 September, 2026

■ राजस्थान की पहली प्याज प्रोसेसिंग यूनिट सीकर व अलवर में लगेंगी–

राजस्थान सरकार की 'एक जिला एक उत्पाद' (ODOP) योजना तहत राज्य की पहली प्याज प्रोसेसिंग यूनिट सीकर व अलवर जिले में स्थापित की जाएंगी। दोनों जिलों में 25-25 लाख रुपए के प्रोजेक्ट को प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। राजीविका की ओर से सीकर के लक्ष्मणगढ़ तहसील के थालसर गांव में यूनिट लगाया जाना प्रस्तावित है। इस यूनिट

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

का संचालन राजीविका के 'नई उमंग सीएलएफ डूढवा' के अधीन किया जाएगा। इसका उद्देश्य बंपर उत्पादन के दौरान किसानों को ओने-पौने दामों से प्याज बेचने की मजबूरी से बचाना है। प्याज की प्रोसेसिंग कर अनियन पाउडर और अनियन फ्लेक्स तैयार किए जाऐंगे।

■ **राजस्थान ने 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत टीबी मुक्त भारत टीमों के गठन में 100% लक्ष्य पूरा किया–**

हाल ही में राजस्थान ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त भारत टीमों के गठन में 100% लक्ष्य पूरा कर लिया है। राज्य के सभी 361 ब्लॉकों में टीबी मुक्त भारत टीमें बना दी गई हैं। इन टीमों में 1805 माय भरत वॉलंटियर्स और 1805 एनसीसी कैडेट्स जुड़े हैं। ये युवा अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को टी.बी. के लक्षणों, जाँच और समय पर इलाज के बारे में जागरूक करने में सहयोग करेंगे। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत देश में 67% तथा राजस्थान में 100% टीमें गठित की गई हैं।

देशभर में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 7026 ब्लॉकों में 4686 टीमें गठित हुई है, टीम गठन का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिशत 67% है। राजस्थान के सभी 361 ब्लॉकों में टीमें गठित होने के साथ राज्य ने 100% उपलब्धि हासिल की है।

Newspaper of 24 September, 2026

■ **जैसलमेर में एस्केप चैनल का निर्माण होगा; किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने जैसलमेर में इंदिरा गाँधी नहर परियोजना क्षेत्र में एस्केप चैनल निर्माण के लिए 785 हेक्टेयर भूमि आवंटन की स्वीकृति दी है।

- इस स्वीकृति से इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र के तहत बाबा रामदेव सब ब्रांच की बुर्जी पर प्रस्तावित एस्केप चैनल का निर्माण हो सकेगा।
- यह पश्चिमी राजस्थान के नहरी क्षेत्र में सिंचाई तंत्र के विकास और सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है।
- पश्चिमी राजस्थान के नहरी क्षेत्रों में कृषि एवं सिंचाई सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।
- इसी क्रम में जैसलमेर जिले में प्रस्तावित एस्केप चैनल के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की यह स्वीकृति प्रदान की गई है।
- इससे इस क्षेत्र के लोगों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा और क्षेत्र के किसानों की आर्थिक तरक्की सुनिश्चित होगी।

Newspaper of 25 September, 2026

■ **जापान में चल रही एशियन गेम्स 2026 के पांचवें दिन जयपुर के अनंतजीत सिंह नरूका ने निशानेबाजी की स्कीट मिक्स्ड टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने पुरुषों की टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था।**

गौरतलब है कि अनंतजीत सिंह नरूका ने 2022 एशियन गेम्स में भी व्यक्तिगत स्पर्धा में एक रजत और टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2024 में वर्ल्डकप फाइनल में भी कांस्य पदक जीता था।

■ **राज्यपाल ने तीन विश्वविद्यालयों में कुलगुरू नियुक्त किए–**

- डॉ. भगवती प्रसाद (बी. पी.) सारस्वत को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर का कुलगुरू नियुक्त किया।
- डॉ. युद्धवीर सिंह को पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर का कुलगुरू नियुक्त किया।
- प्रो. नरसीराम विश्नोई को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलगुरू नियुक्त किया।

■ **भरतपुर, बीकानेर एवं अजमेर में आरआईटी की स्थापना होगी–**

24 सितंबर, 2026 को मुख्यमंत्री ने भरतपुर, बीकानेर एवं अजमेर के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को अपग्रेड कर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरआईटी) के रूप में विकसित करने के कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि इनकी स्थापना के लिए विधानसभा में विधेयक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए। इसके लिए विधि विभाग से शीघ्र सहमति प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन आरआईटी की स्थापना पर करीब 300 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इस संबंध में भी वित्त विभाग आवश्यक वित्तीय स्वीकृति जारी करे।

■ **प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 25 से 27 सितम्बर को 'आंगन मिलन सेवा' होगी–**

विकसित भारत जन सेवा अभियान निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाएँ (आईसीडीएस), राजस्थान द्वारा विकसित भारत जन सेवा अभियान (17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत 25 से 27 सितम्बर, 2026 तक प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 'आंगन मिलन सेवा' का आयोजन किया जाएगा।

- आईसीडीएस की 6 सेवाएँ आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा अंतिम पायदान तक पहुँचाई जाती हैं। गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चे के पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण और प्रारंभिक शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी ये दीदियाँ निभाती है।
- ''आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा निभाई जा रही यह महती भूमिका सम्मान के योग्य है। 'आंगन मिलन सेवा' का आयोजन इसी उद्देश्य से किया जा रहा है और इसमें समाज को बढ़-चढ़कर सहभागिता निभानी चाहिए। आमजन अपने नजदीकी केन्द्र पर पहुँचकर इस सेवा को सम्मान दें।''

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- अभियान का उद्देश्य जन सेवा, सामाजिक सरोकार और पोषण-स्वास्थ्य योजनाओ को जन-जन तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु–

- **आयोजन का स्वरूप**–सेक्टरवार मैपिंग अनुसार प्रतिदिन लगभग 21000 केन्द्रों पर कार्यक्रम होगा। प्रत्येक केन्द्र पर 3 दिवसीय आयोजन होगा।
- **जन-भागीदारी की अपील**–सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, संस्था प्रधानों, शिक्षकों, चिकित्सकों, राजीविका सदस्यों, पोषण सखी, एसएमसी, एसएचजी समूहों से अनुरोध है कि वे अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र पर पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाएँ।
- **मुख्य गतिविधियाँ**–पोषण एवं स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी, नवीन लाभार्थियों का पंजीकरण, (एमएमवीवाय)/मुख्य मंत्री मातृत्व पोषण योजना में पंजीकरण, गोदभराई, अन्नप्राशन, लाभार्थी संवाद एवं अनुभव साझाकरण, पोषण थीम पर रंगोली प्रतियोगिता सीडीपीओ स्तर पर 3 और जिला स्तर पर 3 श्रेष्ठ रंगोली का चयन।
- **आंगनबाड़ी दीदियों का सम्मान–आप भी करें**–स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, संस्था प्रधान, शिक्षक, चिकित्सक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, सहायिका एवं आशा का माला एवं पौधा/प्लान्टर भेंट कर सम्मान किया जाएगा।

■ **प्रदेश में आंगन मिलन सेवा का आयोजन–**

25 सितंबर, 2026 को विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत प्रदेश में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जयपुर स्थित वाटिका के सामुदायिक भवन में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा सहयोगिनियों को माला पहनाकर, पौधा एवं प्रधानमंत्री द्वारा प्रेषित पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और धात्री माताओं के बच्चों को अन्नप्राशन करवाया गया।

Newspaper of 27 September, 2026

■ **शिक्षा विभाग के 2 नवाचारों को 'स्कॉच अवार्ड' मिला–**

हाल ही में राजस्थान के शिक्षा विभाग के दो नवाचार 'खुशीशाला खुद की खोज' और 'AI-आधारित दक्षता आकलन' को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच पुरस्कार मिला है। नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट, सेंटर, लोधी रोड में स्कॉच समूह के 110वें शिखर सम्मेलन में दोनों पहलों को सम्मानित किया गया।

'खुशीमाला खुद की खोज' विद्यार्थियों में आत्म-जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण, करूणा और सकारात्मक कक्षा वातावरण को मजबूत करने पर केन्द्रित है।

'AI-आधारित दक्षता आकलन' में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी आधारित आकलन से विद्यार्थियों की सीखनें की प्रगति समझने, आंकड़ों के आधार पर समीक्षा और आवश्यकता के अनुसार सुधारात्मक शिक्षण को प्रभावी बनाने का प्रयास है। उल्लेखनीय है कि 'प्रखर राजस्थान' नवाचार पहल केवल सेमीफाइनल तक ही पहुँच पाई और फाइनल में प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

■ **राजस्थान में वन उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए 'वनगिरि' ब्राण्ड के प्रथम शहद उत्पाद 'आदि पराग' (वाइल्ड फोरेस्ट हनी) को लॉन्च किया गया–**

सितंबर, 2026 में राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लिमिटेड (राजसंघ) द्वारा जनजातीय क्षेत्र की लघु वन उपज के संग्रहण, मूल्य संवर्धन और विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए 'वनगिरि' ब्राण्ड के प्रथम शुद्ध शहद उत्पाद 'आदि पराग' (वाइल्ड फॉरेस्ट हनी) को लॉन्च किया। इसके साथ ही राज्य के वन धान विकास केन्द्रों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन एवं बिक्री को बढ़ावा देने के लिए राजससंघ एवं कॉनफैड के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

■ **राजस्थान के डॉ. राजकुमार बेरवाल को ऊँटनी के दूध पर किए गए रिसर्च के लिए भारत सरकार से पेटेंट मिला–**

हाल ही में राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं स्वदेशी दुग्ध उत्पाद परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. राजकुमार बेरवाल को ऊँटनी के दूध पर किए रिसर्च के लिए भारत सरकार से पेटेंट मिला है।

शोध में ऊँटनी के दूध के कैसीन प्रोटीन पाउडर हाईड्रोलिसेट को अल्ट्रासोनिक किरणों व विभिन्न एंजाइमों में हाइड्रोजन कर दुग्ध उत्पादों में वैल्यू एडिशन किया गया, इससे उत्पादों की पोषण गुणवत्ता न्यूट्रीटिव वैल्यू और यील्ड में बढ़ोतरी के साथ सेल्फ लाइफ करीब दोगुनी पाई गई। ऊँटनी के दूध में 3 से 5 प्रतिशत प्रोटीन होता है, जिसमें बीटा कैसीन की मात्रा अधिक होती है। भारत में लगभग/करीब 4 लाख ऊँट हैं और इनमें से लगभग 85 प्रतिशत राजस्थान में पाए जाते हैं।

■ **जोधपुर में बहुपक्षीय हवाई अभ्यास 'तरंगशक्ति 2026' का दूसरा चरण शुरू हुआ; 8 देशों के एयरक्रॉफ्ट एसेट्स जोधपुर पहुँचे–**

26 सितंबर, 2026 को भारतीय वायुसेना के जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर बहुपक्षीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' का दूसरा चरण शुरू हो गया। 12 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभ्यास के पहले दिन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका,

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

बांग्लादेश, फ्रांस, जर्मनी सहित आठ देशों की वायु सेनाओं के एयरक्राफ्ट और सैनिक पहुँचना शुरू हो गए। पहले दिन का प्रमुख आकर्षण भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर का जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुँचना रहा। उन्होंने अमेरिकी और भारतीय वायु सैनिकों से मुलाकात की और अभ्यास की शुरुआत के मौके पर दोनों देशों के सैन्य दलों के साथ समय बिताया। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया पर इसे भारत-अमेरिका की संयुक्त परिचालन क्षमताओं और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने वाला अभ्यास बताया।

Newspaper of 28 September, 2026

■ **राजस्थान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया–**

राजस्थान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है।

भारत सरकार ने देश के सभी राज्यों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संचालन का 10 बिंदुओं के प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया है। मूल्यांकन में असम 55.5 अंकों के साथ प्रथम, उत्तर प्रदेश 47.5 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। राजस्थान 43.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसके बाद उत्तराखंड, हरियाणा, पुदुचेरी और महाराष्ट्र रहे।

राजस्थान में किसानों को अब तक ₹7800 करोड़ के प्रीमियम के विरुद्ध फसल बीमा क्लेम के रूप में ₹35,600 करोड़ का भुगतान हुआ है। जो कि किसानों द्वारा अदा किए गए प्रीमियम का 4.5 गुना है। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार ने लगभग 19-19 हजार करोड़ रुपए प्रीमियम के रूप में अंशदान दिया। राजस्थान फसल बीमा पोर्टल के साथ भूमि अभिलेख का एकीकरण करने वाला देश का तृतीय राज्य बना है।

■ **अन्तरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी को हाल ही में एशिया बॉक्सिंग कमेटी का निर्विरोध वाइस चैयरमैन चुना गया–**

हाल ही में राजस्थान की अन्तरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी को एशिया बॉक्सिंग कमेटी का निर्विरोध वाइस चैयरमैन चुना गया है। चुनाव में उनकी प्रतिद्वंद्वी कजाकिस्तान की करीना इब्राहिमोवा ने अरुंधति के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया था। उनका कार्यकाल 4 वर्ष का रहेगा। इस पद की जिम्मेदारी के साथ उनकी एशिया में होने वाली बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं के संबंध में महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

Newspaper of 29 September, 2026

■ **राज्य में 7-16 अक्टूबर तक शहरों में 'सेवा सेतु अभियान' चलाया जाएगा–**

राजस्थान सरकार 7-16 अक्टूबर, 2026 तक शहरों में 'सेवा सेतु अभियान' चलाएगी। इस अभियान में जनता के कार्यों के लिए विशेष छूट दी जाएगी। शिविरों में पट्टा, उपविभाजन पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र और भवन निर्माण जैसे मामले शामिल है। इसके अलावा जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ओएफसी-मोबाइल टावर एनओसी, ईडब्ल्यू एस प्रमाण प्रत्र आदि से संबंधित काम भी शिविरों में होंगे। यूडी टैक्स जमा कराने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इनके अलावा शहरों की सफाई, सड़क नाली व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और सार्वजनिक स्थानों के रखरखाव पर भी फोकस रहेगा।

■ **राजस्थान में वित्तीय वर्ष 2027-28 से यूथ बजट आएगा, गाइडलाइन जारी की गई–**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2027-28 से राज्य बजट के एक भाग के रूप में पृथक यूथ बजट प्रस्तुत करने का बड़ा फैसला लिया है। वित्त विभाग (आय-व्ययक अनुभाग) ने इस संबंध में पृथक परिपत्र जारी किया है। मुख्य सचिव ने युवा बजट के लिए युवा एवं खेल विभाग को नोडल विभाग बनाते हुए इस बजट के लिए अलग से सेल बनाने के निर्देश दिए हैं।

युवा बजट के दो भाग होंगे। एक भाग में उन प्रावधानों को शामिल किया जाएगा, जो युवाओं से 70 प्रतिशत से अधिक जुड़े होंगे और दूसरे में युवाओं से 70 प्रतिशत से कम जुड़े प्रावधानों को शामिल किया जाएगा।

Newspaper of 30 September, 2026

■ **वीबी जी राम जी योजनान्तर्गत राजस्थान मानव दिवस सृजन में दूसरे और श्रमिक नियोजन में देश में तीसरे स्थान पर रहा– 75,782 कार्यों पर 8.51 लाख श्रमिक नियोजन–**

राजस्थान सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका (वीबी जी राम जी) योजना को धरातल पर लागू करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।

- वीबी जी राम जी योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- राज्य में 75,782 कार्यों पर 8.51 लाख श्रमिक नियोजन हुआ है।
- श्रमिक नियोजन में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।
- साथ ही, 338.22 लाख मानव दिवस सृजित हो चुके हैं और इस मामले में राजस्थान दूसरे स्थान पर है।
- प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को 100 दिवस के स्थान पर प्रतिवर्ष 125 दिवस के रोजगार की गारंटी देने वाली इस योजना के लिए अब तक का सर्वाधिक बजटीय प्रावधान किया गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में 12,636.44 करोड़ रुपये का प्रावधान है।
- इस योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक व्यय 6% के स्थान पर 9% किया गया है।

■ जयपुर स्थित रामनिवास बाग में राजस्थान में अपनी तरह की पहली 15 फूड ट्रक वाली अनूठी चौपाटी विकसित होगी–

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर स्थित रामनिवास बाग में एक नवीन एवं आकर्षक चौपाटी विकसित की जा रही है।

- यहाँ मनोरंजन, खान-पान, अवकाश एवं पारिवारिक गतिविधियों का एक नया केन्द्र उपलब्ध होगा।
- रामनिवास बाग में प्रस्तावित चौपाटी को आज की युवा पीढ़ी की आवश्यकताओं एवं पसंद को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है।
- परियोजना की अनुमानित लागत 637.50 लाख रुपये है। चौपाटी में दोनों ओर कुल 15 फूड ट्रक की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- यह राजस्थान में अपनी तरह की एक नवीन अवधारणा पर विकसित होगी, तथा पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केन्द्र बनेगी।

इस चौपाटी परिसर में नागरिकों को विभिन्न प्रकार के खान-पान की सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी।

- चौपाटी परिसर के चारों और पैदल भ्रमण के लिए ट्रैक विकसित किया जाएगा।
- साथ ही लैंडस्केपिंग, ओपन गार्डन, बच्चों के लिए प्ले एरिया तथा ओपन एम्फीथिएटर, थिएटर जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएंगी।
- इसमें एंट्री प्लाजा, सिटिंग एरिया, पाथवे, टॉयलेट एवं पेयजल सुविधाओं के साथ बाहरी सर्विस पाथवे का भी प्रावधान किया गया है।

■ हाइवे रनवे बना; एन एच 911 पर सेना के हेलिकॉप्टर उतरे–

29 सितंबर, 2026 को पाक सीमा के नजदीक वंतौर में एन एच-911 पर सेना की एविएशन इकाइयों ने हाइवे लैंडिंग अभ्यास किया। निर्धारित हिस्से/स्थान पर ध्रुव और चेतक हेलीकॉप्टरों ने लेंडिंग और टेकऑफ किया। अभ्यास का उद्देश्य एयरबेस या हेलिपैड के अलावा वैकल्पिक स्थानों से हेलीकॉप्टर संचालन का प्रशिक्षण देना था। रेगिस्तानी क्षेत्र में एयरक्रू ने लैंडिंग-टेकऑफ और ग्राउंड क्रू के साथ समन्वय का अभ्यास किया।

■ राजस्थान में प्रति 10 किमी. पर सब-सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के सहयोग से 600 नए सब सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

राजस्थान सरकार राजस्थान के निवासियों को उनके निवास स्थान के नजदीक ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक 10 किमी. पर सब-सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के सहयोग से 600 नए सब-सेंटर स्थापित किए जाऐंगे।

■ राजस्थान 100% किसान आईडी लक्ष्य हासिल करने वाला उत्तर भारत का पहला तथा देश का छठा राज्य बन गया है–

राजस्थान ने कृषि क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 'तकनीकी से प्रगति का लाभ किसानों को मिले' के अनुरूप राजस्व एवं कृषि विभाग के समन्वित प्रयासों से प्रदेश ने भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित 90.19 लाख किसान आईडी के लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल कर लिया है।

- इस उपलब्धि के साथ राजस्थान 100% किसान आईडी लक्ष्य हासिल करने वाला उत्तर भारत का पहला तथा देश का छठा राज्य बन गया है।
- वर्ष 2015-16 की कृषि गणना के अनुसार प्रदेश में 76.54 लाख ऑपरेशनल होल्डिंग के मुकाबले किसान आईडी की उपलब्धि करीब 118% तक पहुँच गई है। इस आधार पर राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।
- प्रदेश में पीएम-किसान के लगभग 50 लाख लाभार्थियों को किसान आईडी से जोड़ा गया है।
- किसान आईडी के तहत प्रदेश के कुल बोए गए क्षेत्र का करीब 62% हिस्सा कवर किया जा चुका है। वहीं लगभग 99% गांवों का जियो-रेफरेंसिंग कार्य पूरा हो चुका है।
- डिजिटल कृषि की दिशा में एक और महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रबी 2025-26 के दौरान प्रदेश में 2.72 करोड़ से अधिक भू-खण्डों पर डिजिटल क्रॉप सर्वे किया गया।

राज्य में एग्रीस्टैक आयुक्तालय की स्थापना कृषि विभाग में की जा रही है तथा कृषि आयुक्त को एग्रीस्टैक आयुक्तालय के आयुक्त के रूप में नामित किया गया है। एग्रीस्टैक डेटा का एपीआई के माध्यम से विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के साथ एकीकरण किया जा रहा है।

- डिजिटल पहचान विकसित होने से किसानों को भविष्य में योजनाओं के लिए बार-बार दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पड़ेंगे।
- किसान आईडी, भूमि रिकॉर्ड और क्रॉप रजिस्ट्री जैसी व्यवस्थाओं के आपस में जुड़ने से किसान की वास्तविक भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी के आधार पर विभिन्न गतिविधियाँ आसान हो जाएंगी।
- फसल बीमा, उर्वरक वितरण, पीएम-किसान, न्यूनतम मूल्य पर खरीद प्रणाली और अन्य कृषि योजनाओं की सेवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने की आधारभूत क्षमता विकसित होगी।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


संजीव®

51 वर्षों से आपका विश्वसनीय


आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

CET 10+2 के लिए विशेष उपयोगी पुस्तकें

New Edition



MRP ₹400
(288 पेजों में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम)



MRP ₹300
(11 Blank OMR Sheet)





MRP ₹500
(नवीन मानचित्रों सहित)





MRP ₹400
(सम्पूर्ण रंगीन मानचित्रावली)


संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अन्य प्रमुख पुस्तकें











संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram